वर्ष 2016 सबसे गर्म वर्ष रहा

नवनीत कुमार गुप्ता

नई दिल्ली **20** जनवरी, **2017**

अभी मौसम सर्द चल रहा है ले कन हाल ही भारतीय मौसम वज्ञान वभाग (आईएमडी) द्वारा जारी आंकड़े बताते हैं क भारत में वर्ष **1901** के बाद से **2016** सबसे अ धक गर्म वर्ष रहा है।

इस अव ध में दूसरा सबसे गर्म साल **2009** था (जिसमें तापमान औसत से **0.77** डग्री सेल्सियस अ धक था)। इसके थोड़ा कम गर्म साल **2010** था (जिसमें तापमान औसत से **0.70** डग्री सेल्सियस अ धक था)। **2015** की तुलना में **2016** में औसत तापमान में **0.24** डग्री सेल्सियस की वृ द्ध दर्ज की गयी। हालां क, भारत में वर्ष **1901** से **2016** के दौरान माध्य औसत तापमान में **0.65** डग्री सेल्सियस की वृ द्ध दर्ज की गयी है।

आईएमडी के अनुसार वर्ष **2016** में **वैश्विक** तापमान में हुई औसत वृ द्ध की तुलना में भारत में औसत तापमान सामान्य से अ धक रहा। वर्ष **1960** से **1990** की तुलना में इस वर्ष औसत सतही तापमान में लगभग **0.91** डग्री सेल्सियस की वृ द्ध दर्ज की गयी है।

वैश्विक **परिदृश्य**

इसी सप्ताह नासा द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार तापमान के संबंध में आधुनिक रिकार्ड दर्ज करने की शुरुआत से लेकर यानी वर्ष **1880** के अब तक के इतिहास में वर्ष **2016** सबसे अ धक गर्म साल रहा है। **1951** से **1980** के औसत तापमान की तुलना में वर्ष **2016** में औसत तापमान करीबन **0.99** डग्री सेल्सियस अ धक दर्ज कया गया। वैश्विक औसत तापमान में हुई इस औसत वृ द्ध ने **2016** को तीसरा सबसे गर्म साल बनाया है।

न्यूयार्क स्थित नासा के एक संस्थान गोडर्ड इंस्ट्यूट ऑफ स्पेस स्ट डज के निदेशक गे वन **स्मि**ट के अनुसार **"**वर्ष **2016** लगातार तीसरा साल रहा जिसमें औसत तापमान में वृ द्ध दर्ज की गयी है जिसे देखते हुए तापमान में वृ द्ध की दीर्घकालीन चेतावनी की प्रवृत्ति को समझा जा सकता है।**"**

19वीं सदी के अंत से लेकर अब तक पृथ्वी के औसत सतही तापमान में **1.1** डग्री सेल्सियस की वृ द्ध दर्ज गयी है। इस परिवर्तन का मुख्य कारण वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड एवं अन्य ऐसी ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन है। पछले **35** सालों से तापमान में वृ द्ध दर्ज की गयी है। इस अव ध के दौरान गर्म रहे **17** में से **16** साल वर्ष **2001** के

बाद के रहे हैं। वर्ष **2016** सबसे अ धक गर्म साल ही नहीं रहा बल्कि **12** महीनों में से इसके **8** महीने (जून को छोड़कर जनवरी से सतंबर तक) तुलनात्मक रूप से गर्म रहे। ला नीनो और अल नीनो से प्रशांत महासागरीय तापमान में होने वाले परिवर्तन और वैश्विक पवन चक्र एवं मौसम पैटर्न में हुए बदलावों के कारण वैश्विक औसत तापमान में लघुअव ध के लए परिवर्तन देखा गया है।

नासा द्वारा सतही तापमान में मापन के लए करीबन **6300** मौसम केंद्रों सहित सागर के सतही तापमान मापन के लए जहाजों और प्लव आधारित वेधशालाओं की मदद ली जाती है। इसके अलावा अंटार्कटिका अनुसंधान केंद्रों पर भी तापमान का मापन कया जाता है।

भारत में भी बढ़ रही है गर्मी

भारत के संदर्भ में अगर हम साल की कसी वशेष अव ध के दौरान दर्ज कए गए तापमान का अध्ययन करते हैं तो पता चलता है क **2016** की व भन्न अव धयों में तापमान अ धक रहा है। **2016** में ठंड के दौरान यानी जनवरी एवं फरवरी महीने में औसत तापमान वर्ष **1901** के बाद से काफी गर्म रहा जो औसत तापमान से **1.43** डग्री सेल्सियस अ धक था। सन् **1901** से लेकर अब तक मानसून-पूर्व यानी मार्च से मई की अव ध के दौरान रहे तापमान की तुलना करें तो भी वर्ष **2016** के दौरान इस अव ध में रहा तापमान दूसरा स्थान पर था जो औसत से सबसे अ धक गर्म तापमान (**1.43** डग्री सेल्सियस अ धक) था।

वर्ष **2016** के दौरान राजस्थान के फलौदी में सबसे अ धक तापमान **19** मई को दर्ज कया गया जो **51** डग्री सेल्सियस था। इससे पहले वर्ष **1956** में राजस्थान के ही अलवर शहर में दर्ज कया गया तापमान सबसे अ धक था जो **50.6** डग्री सेल्सियस था। वर्ष **2016** में गर्मी के कारण लगभग **700** लोगों की मौतें हुई है। गर्मी से होने वाली मौतों की अ धकतर घटनाएं अप्रैल और मई के मौसम में तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में हुई थीं। पछले वर्ष बिजली गरने की घटनाओं से पूरे देश से **415** लोगों की मौत हुई। बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और ओ डशा बिजली गरने की घटनाओं से सबसे अ धक प्रभा वत रहे। देश में मानसून के मौसम के दौरान हुई भारी बारिश और बाढ़ के कारण लगभग **475** लोगों की मौत हुई।

औसत बारिश

दीर्घअव ध बारिश औसत के अनुसार वर्ष **2016** में **1951** से **2000** के दौरान होने वाली बारिश का **91** प्रतिशत रही। औसत बारिश में कमी का कारण ठंड और उत्तरपूर्वी मानसून के

दौरान होने वाली बारिश में कमी रहा। वैसे मध्य भारत में औसत से **6** प्रतिशत अ धक बारिश हुई ले कन पूर्वी और उत्तरपूर्वी भारत में औसत वृ द्ध औसत से **11** प्रतिशत कम रही।

1901 के बाद से सबसे अ धक गर्म रहे पांच साल **(**वा र्षक औसत सतही एवं वायु तापमान के आधार पर)

क्रमांक	वर्ष	तापमान में औसत वृ द्ध **(** डग्री सेल्सियस में)
1	**2016**	**0.91**
2	**2009**	**0.84**
3	**2010**	**0.81**
4	**2015**	**0.72**
5	**2003**	**0.67**

वज्ञान प्रसार **-** इं डयन साइंस न्यूज एवं फचर्स स र्वस